साधु भूप ॥ सवैया ॥ यप्रतीत सबै रघुनन्दनजू दलिहैं शिवचाप सँदेह नहीं । न दलैं तबहूं अस जानिपरै सिय मेलि इन्हें जयमाल सही ॥ सुविचारि प्रताप बलै यश तेज गवांय पयानकरौ घरही । सिय ब्याहन आश विहाय सबै तजि मोह भजौ रघुनन्दनही ॥ दुष्ट भूप ॥ सवैया ॥ तोरयहु शंकर चाप अहै अवगाह महा सिय ब्याह- बभाई । है असको जग वीर बड़ो धनुभङ्ग विना सिय जो लै जाई ॥ राजनकी गन कौन कहै यकबारजु कालहु सम्मुख आई । तौसु वि- वाहब सीय हमै महिसंयुग में त्यहि मारि हटाई ॥ साधुभूप ॥ क- वित्त ॥ व्यर्थही बजावतेहौ गाल तुम भूप सब आवत न लाज बैन बोलौ न सँभारिकै । जानहू न तेज बल राघवलषणकेर राखे मुनि यज्ञ जे असुरवृन्दमारिकै ॥ तोरि चाप ब्याहैंगे विदेहजा नशंक नेकु गर्ववन्त भूपन को गर्व सर्व टारिकै । जानि जक्क मातु पितु राम सीय भाग्यवंत लेहु क्यों न शोभ भरि नैनन निहारिकै ॥ सवैया ॥ लखि राघवसीय स्वरूप अनूप लहे हम तौ जगजन्म फला । सुख जात कह्यो नहिं जोहिभयो बहुजन्मन को दुखदोष दला ॥ नहिं मानहु तौ तुम जाय करौ मनलागहि जाकहँ जोइ भला । कहियों सुमहीप लगे भगवन्त लखै प्रभु आननचंद कला ॥ जानिसमैसु विदेह शतानँद भेजि तहां सिय बोलि पठाई । आयसु मातु समोद

सखी सजि भूषण चीर सुअंग बनाई॥ गावत गीत मनोहर सादर सीतहिलै चलि संग लिवाई। श्रीजगदम्बिक रूप प्रभा भगवन्त कहै किमि शेष सकाई॥

दो० रंग अवनि आईं जबहिं निरखिरूप, नरनारि।
भे मोहित ज्यों मृग मृगी दीपक ज्योति निहारि॥

छप्पै॥ जनक नगर नर नारि राम सिय रूप निहारी। करहिं बिनय बिधि पाहिं जोरिकर अंचलधारी॥ हे बिधि दीनदयाल कृपा करि यह बरदीजै। होय रामसिय ब्याहु लाहु लोचन भरिलीजै॥ शिवचाप तोरि प्रणपालि नृप मुदित राम सीतहि बरय। मसि बदन लाय भूपति सकल सकुचि जाहिं निज २ घरय॥ रोलाछन्द। बन्दीजनकी सुता एक ताको यहकामा। होय स्वयम्बर सुताजासु जावै त्यहिधामा॥ लै कन्या जयमाल जबहिं भूपन ढिग जावै। तब तहँ ताके संग अग्र सो बचन सुनावै॥ भूपन को कुल गोत्र राज्य पितु सह त्यहि नामा। बल प्रताप यश कीर्ति सकल बरणै त्यहि ठामा॥ सो कन्या सुनिलेइ बहुरि भावै मन जोई। तासु भूप के कण्ठमेलि जयमाला देई॥ जयमाला जो पाव ताहि भूषणबसन देवै। यजमानी को हक सुता पितुसों सो लेवै॥

दो० ताके सँग लिय जानकी करसरोज जयमाल।
सहित सखिन आईं तहां बैठे जहां भुवाल॥
एक ओरते नृपन को नाम गोत्र कुल थान।
सीतासन सोइ कन्यका लागी करै बखान॥

दिगपालछन्द॥ ये भानुदत्त पुत्र बीरबाहुनाम याको। हे कौशल कुल क्षत्री बंगदेश राजबाँको॥ अति तेजवन्त शूर बीर सत्य शौचदानी। शुभ शांति शील बिद्यारत धर्म्म भक्त ज्ञानी॥ शिव

चाप जो न टूटै पितुशासन मनभावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये चित्रकेतु पुत्र श्रीदत्तनाम याको । है चंद्रवंश क्षत्री वैदर्भराज बाँको ॥ भलजान बाणविद्या गुणधाम वीरशूरो । बल बुद्धि धर्मधारी श्री शम्भुभक्तरूरो ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये हरिश्चंद्र पुत्र विष्णुदत्त नाम याको । है पुरुवंश क्षत्री करनाटक राजबाँको ॥ गुणशील सिंधु ज्ञानी यशनाम लोकजानै । बलवंत धर्मधारी रत सत्यसंध दानै ॥ शिवचाप जो न टूटै पितुशासन मन भावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये सुयशकेतु पुत्र भानुवन्तनाम याको । है कश्यपकुल क्षत्री देशद्राविण राज बाँको ॥ ये सत्यसन्ध ज्ञानी बुद्धि धर्मवन्त पूरो । श्रुतिशास्त्र रीति पालै गुणवन्त भक्तरूरो ॥ शिवचाप जो न टूटै पितुशासन मन भावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये सत्यवंत पुत्र विक्रमध्वज नाम याको । है भानुवंश क्षत्री महाराष्ट्र राजबांको ॥ भलनीति धर्म ज्ञाता बलवन्त प्रजापालै । ये जान चापविद्या गुण सिन्धु क्षमाआलै ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये भावासुरपुत्र नाम लवणासुरयाको । है आख्य दैत्यवंशी शूरसेन राजबाँको ॥ बल-वन्त वीरऐसो चढ़िलंक जीतिलायो । दशकण्ठ भगिनि व्याही यश पुञ्ज लोकछायो ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै । पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ येब्रह्मदत्त पुत्र चित्रकेतु नामयाको । है गर्गगोत्र क्षत्री गुजरात राजबाँको ॥ ये धर्म्मवन्त विद्या भलनीति प्रीतिजानै । हरिभक्त संतसेवी रत सत्यसंधज्ञानै ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै । पहिरावो जयमालसबै

लोकन यशछावै ॥ ये पुत्र भूपकेकै जुधाजित्सु नामयाको। हैयव त्सकुलक्षत्री काश्मीर राजबाँको ॥ बुद्धिशांति शील विद्या गुणवन्त वीरशूरो। अति तेजवन्त ज्ञानी प्रजापाल धर्म्म पूरो ॥ शिव चाप जोन टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये सुकीर्तिवन्त पुत्र श्रुतिसेन नामयाको। है कोशल कुल क्षत्रीवन्तिका राजबांको ॥ ये धर्म्मवन्त ज्ञानी हरिभक्त नीतिज्ञाता। तपसत्य दयादानी मुनि साधुन सुखदाता ॥ शिव चाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये सुचित्रभानुपुत्र यशकेतु नामयाको। है गाल्हव कुलक्षत्री हरद्वार राजबाँको ॥ श्रीशंभु भक्तरूरो रतनीति रीतिदानै। बलसिन्धु बुद्धिआलै धनुविद्या भलजानै ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये भानुभद्रपुत्र तुंगध्वज नामयाको। है गौतम कुलक्षत्री चीनदेश राजबाँको ॥ ये खानि बुद्धि विद्या गुणवन्त शूरभारी। नयधर्म ज्ञान राशी बलवन्त खड्गधारी ॥ शिवचाप जो न टूटै पितुशासनमनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये भूप यश केतु पुत्र श्रीवन्तनाम याको। है भानुवंश क्षत्री इलाव्रत राजबाँको ॥ ये दक्ष बाणविद्या शिवभक्त वीरशूरो। बल बुद्धि तेजराशी शुभधर्म्मवन्तपूरो॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै ॥ ये भूप गुणकेतु पुत्र शुभदत्त नाम याको। है कश्यप कुल क्षत्री भद्राश्व राजबाँको ॥ गुणवंत भक्तरूरो वासुदेव इष्ट मानै। रत दान धर्म ज्ञानी श्रुति शास्त्र नीति जानै ॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यश छावै ॥ ये चित्रभानु पुत्र ध्वजकीर्तिनाम याको। है सोमबंश क्षत्री

हरिवर्ष राज बाँको॥ तप तेजवन्त शूरो बल धर्मवन्त ज्ञानी। श्रीनृसिंह पादसेवी है सत्यसन्ध दानी॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै॥ येहैं सुधृष्टपुत्र बीरकेतु नाम याको। कुशकेतु बंश क्षत्री केतुमाल राजबाँको॥ ये मानइष्ट कामदेव रूपवन्त भारी। यश तेजवन्त शूरो गुणवन्त क्षमाकारी। शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै॥ ये सत्यवंत पुत्रधर्मकेतु नामयाको। है उत्तमकुल क्षत्री रम्यकेतु राजबाँको॥ तपसत्यशौच ज्ञानी बुद्धि नीतिवन्तपूरो। गुणशील शांतिआलै हरिमत्स्य भक्तरूरो॥ शिव चाप जो न टूटै पितुशासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यशछावै॥ ये प्रस्तसेन पुत्र धीरकेतुनाम याको। है पुरुवंश क्षत्री कुरुखण्ड राजबाँको॥ वाराहरूपसेवी बलबीर धीरदानी। शुचिशांति शीलआलै नय सत्यवन्त ज्ञानी॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यश छावै॥ ये सत्रजित्सु पुत्र हरिवर्मनाम याको। है कोशल कुलक्षत्री किम्पुरुषराजबाँको॥ गुणवन्त ज्ञानमानी श्रीरामभक्त रूरो। श्रुति शास्त्र नीतिज्ञाता बुधिवंत बीरशूरो॥ शिवचाप जो न टूटै पितु शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यश छावै॥ ये भानुबंशक्षत्री दशरत्थ पुत्रमानी। है भरतखण्ड माहीं श्रीऔधराजधानी॥ श्रीरामनाम इनको पितुकीर्ति लोकछायो। ये सत्यसंध दानी यशनाम वेदगायो॥ गुणवन्त बीरबांके बहुदुष्ट वृन्दमारी। मुनि कौशिक मखराखे मग गौतम तिय तारी॥ शिव चाप जो न टूटै पितुशासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबैलोकन यशछावै॥ ये भानुबंश माहीं दशरत्थपुत्र ज्ञानी। है लक्ष्मण नाम इनको लघु

बन्धु रामजानी॥ विद्यावल शील शक्ति तेजवन्त बीर शूरो। गुण-
वन्त बुद्धिराशी शुचि धर्मवन्त पूरो॥ शिवचाप जो न टूटै पितु
शासन मनभावै। पहिरावो जयमाल सबै लोकन यश छावै॥

दो० यहिविधि सों सब नृपनके कहेनाम गुणगाय।
सहित सखिन पुनि जानकी बैठी आसन आय॥
राम सीय शोभा अतुल निरखि देव समुदाय।
बर्षिसुमन कहि जैतिजै हर्ष न ह्वदै समाय॥

इतिश्रीदशअयोध्यासिंहवर्मात्मजभगवंतसिंहविरचितेभक्तिशिरोमणिग्रन्थे
श्रीरामचन्द्ररङ्गभूमिआगमनवर्णनोनामअष्टमोऽध्यायः ८॥

दो० त्यहि अवसर बंदीजनन पठये जनक बुलाय।
कह्यो कहौ सब नृपन सों प्रणहमार तुमजाय॥
सुनि शासन नरनाहको भाट सहसदश सद्य।
भुज उठाय बोले बचन राजसभाके मध्य॥
सुनहु बचन भूपति सकल चितलगाय दै कान।
जनकराज महराजको प्रण हम करैं बखान॥

क०॥ रेख बज्रदन्त ज्यों गयन्द को तथाहि प्रण जानिये वि-
देह राज लोक वेद ख्यातहै। शङ्कर पिनाक शैल शम्भुते गरू अ-
पार भूमिही के सङ्ग रचि दीनज्यों बिधातहै॥ परमकठोर कूर्म पृष्ठिहू
ते पुष्टबाण रावणादि बीर बाँवदीन जाल खात है। सोई यह शम्भु
चाप तोरि है जु आजु ताहि ब्याहिहै विदेहजा कहत सत्यबातहै॥
रङ्गराज शीशताज आज या समाज़ सोइ लेइ जो प्रचण्ड दण्ड
शम्भुको उठाइहै। खैंचि तोरि डारि है जु याहि शूरबीर कोइ कीरति
कलाप तासुलोक लोक छाइहै॥ भाग्यवन्त कण्ठताहि मेलिमाल
जैकिशोरि आनँद समेत ब्याहि जानकी सुपाइहै। होय बल तो-

रिबे समान सो धरै पिनाक राजन समाज मुख कारिख न लाइहै ॥ बाम परधाम धन हेत देत प्राणहद्धि मानत न मातु पितु काम क्रोधलै रह्यो । देतहै प्रजै प्रचगड क्लेश बाँधि सेतु पाप पुरय को बिनाशिकै अधर्म मार्ग में बह्यो ॥ त्यागि सत्य धारत असत्य काल कौन्यहूम देतहै न दान अग्निलाय ग्राम जे दह्यो । भाट बैन मानिकै कलंकरूप भूपऐस शङ्कर पिनाक को न भूलि हाथसे गह्यो ॥ ज्ञानधर्म्म लेशनाहिं मानहीन पितृदेव साधुन सताव देतगारि माय बापही । शत्रुबीर संयुग बिलोकि देत पीठिताहि बिप्रन को दानदै सु फेरि लेत आपही ॥ नित्यही मदान्ध पंथ जानहीन वेद शास्त्र काम क्रोध बश्य याम आठ कृत्य पापही । राजन समाज में पसारि हाथ भाट बैन भाषही छुयो न भूप ऐस शम्भु चापही ॥

सवैया ॥ जिनके नहिं धर्म्म दया मनमें गुरु साधुन की नहिं सेवकरै । परनारि सदारत लाज नहीं शरणागत को नहिं दुःखहरै ॥ प्रतिकूल सुपंथ कुपंथ चलै पितु मातन सों बसुयाम लरै । मुख कारिख लागहि गो तिनके इमि भूपति ना शिव चापधरै ॥

कवित्त ॥ चंद्र सों प्रकाशमान कीरति कलाप लोक पावक समान दीप्ति जाग जासु चंडहै । भाग्यवन्त बुद्धिवन्त ऐस ज्यों सु एकदन्त तेजवन्त भूरि ज्यों प्रसिद्ध मारतरडहै ॥ भूमिभार धारिबे मधीरमान शेष जैस पौनहूते पुञ्ज जौन बीर बरवरड है । रङ्गभूमि मध्यआजु होइ जो मही प ऐस लेइ सो उठाय बेगि चंद्रमौलि दंड है ॥ कैतो भूपरूप धारि शङ्कर समाज माँझ आये होइँ लेइँ ते उठाय सद्य चापहै । कालकूट तेज ते जरत देखि देव दैत्य कारुणीक शम्भुताहि कीन पान आपहै ॥ खोलिनैन जोर मैन त्रिपुर दनुज दुष्ट मारेबान एक दुःखदेत जो कलापहै । लोकनाशकारक

सुजन तापहारक भवाब्धि घोरतारक प्रसिद्ध जा प्रतापहै ॥ कैतौ विधि सारिखे प्रतापवन्त होय भूप जासु यश विस्तृत कलाप ठांव ठांवई । भाग्यवन्त बुद्धि तीव्र चातुरी प्रसिद्ध जासुलोक रचिदीन जो सकल सृष्टि जावई ॥ शैल सरिताल जाल दिग्गज समुद्र सात कानन अपार जीवजन्तु को गनावई । होय जों प्रचंड ऐस आय सो दलै पिनाक जानकी समेत जै त्रिलोक आजु पावई ॥ कैतौ हरि आपरूप भूपको अनूपधारि आये या समाज मध्यहोयँ शोभ शालहै। कोलरूप धारिजे हिरण्य अक्षपातकीक दीनबंधु मारे आपु पैठिकै पतालहै॥ कीनहै कंमठ पृष्ठि धारण सुमंदराद्रि गावत सुयश चारु जाको वेदजालहै। भाग्यवन्त स्वामि सो सबल भूमिभार हार तोरही उठायचाप शङ्कर विशालहै ॥ सवैया ॥ कै गणनायक सों वरदायक जाहि सुरासुर शङ्कर ध्यावै। विघ्नविनाशन बानिअहै सुमिरे ज्यहि सिद्धि सबै जनपावै॥ जासुप्रभाव महाप्रथमै पदपंकज पूज्य सदा सब ठावै । जो इमि होय महीप कऊ भगवन्त स्वई यह चाप उठावै ॥ कै हरिचन्द समान हुवैसति कीरति जासु चहूँदिशि छाई । कै पृथुसों गहि बर्बस ज लिय धेनु स्वरूप धराहि दुहाई ॥ कै रघुसों जिन पीठिलही रिपुनाहिंन नानहि याचक पाई । दृष्टि दिये परनारि नहीं इमि भूपचहै धनुलेहि उठाई ॥ कै नृपबान समान कऊ परिपूरण जो सब धर्महिपालै। कैसुदिलीप समान जिन्हैं डरगो हरि वारिपिये यक आलै ॥ कैजिमि सागर जासुत सागर खोदिगये सब पैठि पतालै । कैसुययाति दधीचि भगीरथ ज्यों नृपसो शिव शारँगदालै ॥ छप्पै ॥ देवदनुज मुनि सिद्धमनुज गंध्रवदि कपाला। पितृनाग शशि भानु यक्ष मारुत यमकाली ॥ गिरिसरि सिंधु अपार जहाँलगि वेदन गाये। रङ्गभूमि कै माहिं आजुते सब

चलिआये ॥ त्यहि सभामध्य बंदी वचन कहत सबहिं गोहरायकै ।
बलहोय जाहि सो उठि तुरत तोरै शिवधनु आयकै ॥

दो० सुनि विदेह प्रण भूपसब उठे तुरत अभिलाखि ।
परिकर कटिकसि बांधिके चलत भये मनमाखि ॥

सवैया ॥ निज इष्टनवंदि महीपति मानि सुधाय सक्रुद्ध पिनाक धरै । तजि एक दियै गहिएक लियै इमि बारहिंबार सुजोर भरै ॥ बल बुद्धि उपाय अनेक करै पर नाहिंन सो कहुं नेकुटरै । ह्वय लज्जित हारि गँवाय बलै तब आसन ओर पयान करै ॥

दो० तब सहस्र दश भूपमिलि शिवधनु एकहि संग ।
लागि उठावन नहिं टस्यो कियोमान तिन भंग ॥

सवैया ॥ श्रीहत भूप समाज भये सब देखिय ज्यों दिन चन्द्रकला है । हारिगये करिभूरि बलै सब भूपनको धनुमान दला है ॥ घोर कठोर शरासन शम्भु रती नहिं छांड़त भूमि तलाहै । ज्योंजन कामिहि बैन सती मनपावन नाकहुँ रंच चलाहै ॥ शिवचाप सुमेरुहुते गरु भो नहिं छाँड़त जो तिलमात्र धरै । नहिं हालत डोलतहै तनकौ जनु जामतभो यह शेषशिरै ॥ शिव आप चढ़्यो यहि ऊपरकै गरुता स्वइ नाहिन देतमुरै । लियभार उदै गिरिअस्त किधौं धनुरूप धर्यो महिंजानि परै ॥

दो० नृपसमाज गति देखिकै उठे जनक अकुलाय ।
बोले वचन सक्रोध तब भूपन सबहिं सुनाय ॥

सवैया ॥ नाग सुरासुर भूपजिते धरि मानुषदेह इतै सब आये । तोरनको धनु कौनकहै नृपकाहु न रञ्चक भूमि छड़ाये ॥ कीरतिजे बड़ि दिव्यसुता जनु पावनहार न ब्रह्मउपाये । जाहुघरै अब गर्व करै जनि कोउ धरापर बीर न जाये ॥ जो जनत्यों भटहीन मही

करत्यों इमि तौ प्रथमें प्रण मैंना । जो करिकै अब ताहि तजौं मम धर्म नशै भल कोउकहैना ॥ पुत्रिकुमारि रहै हमकाकरि कर्म लिखा कइमेटि सकैना । जाउघरै मुख कारिखदै सियब्याह विरश्चि कियो लिखबैना ॥ श्रीमिथिलाधिप बैनलगे इमि लक्ष्मणके उर ज्यों शरपैना । राघवत्रास न बोलिसकैं रिसशोण भयो मुख पंकजनैना ॥ ठाढ़ेभये करसम्पुट कै शिरनाय कहे प्रभुसों इमिबैना । नाथ विदेह कहे कटु ज्यों रघुवंश समाज कहै तिमि कैना ॥ कवित्त ॥ भूप मिथिलेश आपुवात ना सँभारि कीन तुच्छका पिनाक रामशासन जु पावऊं । गेंदसो उठाय भौन चौदहौं समान घटभूमि को पटकि फोरि मेरुको उखारऊं ॥ शेष केशधारि खैंचि भूमिदेउँ बोरिसिंधु सिंधुलै रसातल मझारभरि आवऊं । भाग्यवन्त देउं करिदिग्गज यकत्र सर्व भूमिसा पिनाक शंभु ख्यालही उठावऊं ॥ सवैया ॥ सत्यकहौं नहिं झूठकछू रघुनायक जो तव आयसु पावौं । तौ यहिराज समाज बिषे मिथिलाधिपको निज बूत दिखावौं ॥ पंकजनाल समान चढ़ाय पिनाक लिये शतयोजन धावौं । तोरि मिलै रजदेउँ करौंनहिं तौ कर ना धनुबान उठावौं ॥ तामरसछन्द ॥ लषण कहे इमि बैन जबैहैं । डरतभये सुनि भूपसबै हैं ॥ डगमग भू सब दिग्गज डोले । जनकशके जब लक्ष्मण बोले ॥ जनमनमोद सिया हरषानी । सुख रघुनंद लहे मुनिज्ञानी ॥ पुरजनहीं अतिशै सचु पायें । रघुबर सैनहि बंधु क्षमाये ॥ सहित सनेह लगे निज राखा । तब प्रभुसों मुनि कौशिक भाखा ॥ सवैया ॥ रामउठौ शिवचाप दलौ मिथिलाधिप को दुखमेटहु भारी । शोचहरौ य सभाक सबै भगवन्त करौ सुरसंत सुखारी ॥ चाप उठाय सुरेन्नृप जे मुख कारिख दै गवनै घर झारी । पंकजनाल समान करौ यहि खंडन सद्य पिनाक पुरारी ॥

सुनतै गुरुबैन उठे रघुनन्द हृदय नहिं हर्ष विषादलये। पदनाय सुभाल सुभायचले मधिवेदि पिनाक समीप गये॥ भगवन्त प्रभा पुर लोग निहारि सँभारत आपनि पुण्यभये। सुरसानँद वर्षि प्र- सून सबै नभसंकुल दुंदुभि शब्द दये॥

दो० सीयमातु लखि रामतनु अति कोमल छवि ऐन।
सखिन समीप बुलायकह सहित प्रेम मृदुबैन॥


हरिपदछंद॥ देखौ सखि यहि सभामांझ हैं बैठे चतुर अपारा। यह अनुचित अतिहोत बातहै कोउ न करत विचारा॥ गरुव कठोर कहां शंकरधनु येतौ अति सुकुमारे। रावण बाण महाभट जाको दे- खत गवहिं सिधारे॥ अपरभूप बलवंत बलैकरि परमहार सब पायो। त्यहिं करषणहित राजकुमारै अब मिलि सकल पठायो॥ सोलखि होत हृदै मेरे दुख बरजत कउ न अहावै। हंससुवन किमि कहौ सखीरी मंदरमेरु उठावै॥ सुनिबोली सखिबैन गनौनाहिं तेजवन्त लघु रानी। देखत लघु रबि उदैहोत ज्यहिं तीनि भुवन तमहानी॥ प्रणव मंत्रलघु विवश जासुहैं विधि हरि हर सुरसर्वा। कहँ गयंद ताको वश अपने राखत आंकुश खर्वा॥ अस बिचारि संदेह करौ जनि इनहिं अतुलबल जानी। बिनहिं प्रयास शंभुधनु दलिहैं मानु सत्यमम बानी॥ सखी वचनसुनि मातुसुनैनै भईधीर मनमाहीं। लगी लखन भगवन्तरूप छबि प्रेमजात कहि नाहीं॥ सवैया॥ ता क्षण रामहिं देखि सिया मनमाहिं उठी अतिशै अकुलाई। घोरक- ठोर शरासन शङ्कर रावणबाण सके न उठाई॥ ये अति कोमल क्यों दलिहैं प्रणठानत नीकभयो नहिंराई। काहकहौं मतिभोरि सबै भइ देखत नां कउ हानि भलाई॥ हे गणनायक शम्भुशिवा दुख भंजन रंजन भक्त सदाई। होहु प्रसन्न कृपाकरिये प्रभु सेव किह्यों

तव आजुहि लाई ॥ पूरण आशाकरौ मनकी धनु कौतुक भंगकरैं रघुराई । कै हित मोर हरौगरुता धनु राघव बाँहन होहु सहाई ॥ जो हमरे मनकाय गिरा रघुनायक के पद प्रीति भली है। तौ मिलिहैं न संदेह कछू करि हैं ममआश सबै सफली है ॥ जापरजाहि सनेह मिलै त्यहि आवत संतत रीतिचली है। यों मन आनि चितै प्रभु ओर ठन्यो प्रण प्रेम विदेह लली है ॥

दो॰ अन्तरयामी रामप्रभु हरणभक्त दुखघोर।
कीन्ह्यों प्रण सियजानिकै लखत भये धनुओर ॥
लषणलाल देख्यो चहत प्रभु भंजन भवचाप।
कमठ कोल अहिदिग्गजन दियेसजग करिआप ॥
त्यहि औसर प्रभु मनहिंमन गुरुपदपंकज ध्याय।
अतिलाघव आतुर परम शिवधनु लीन उठाय ॥

छप्पै॥ बामपाद अंगुष्ठदाबि गोसायक दीन्हा॥ बायेंकर गहि मध्य दाहिने दूसर लीन्हा ॥ रोदा खैंचि चढ़ाय बहुरि दहिने गहिबीचा। दमक्यो दामिनि सरिस भयो नभ इव जबईंचा ॥ भयो कठिन घोर गम्भीर त्यहि समय शब्द त्रिभुवन भरयो । सब लखत दलत काहु न लख्यो राम खण्ड द्वउमहि धरयो ॥ कवित्त ॥ हालउर्वि गुर्वि अद्रि दिग्गज सकंपमान उछल समुद्र दिगपाल गे सन्नाका है। कोलहू कमठ व्याल जालभे विकल चौंकि शङ्कर विरञ्चि काहहोत भो धमाकाहै॥ देवगण चक्रित विमान भानु चंद्रमाक धाय लड़िजात एक मांहिं भें धड़ाकाहै । भाग्यवन्त लोक लोक छायगो प्रचण्ड शोर खंड्यो रामचन्द्र दण्डखैंचि ज्यों तड़ाकाहै ॥ सवैया ॥ रामदल्यो शिवचाप जबै त्यहिकाल उठी सब हालिधरा। रावणही अतित्रास भयो करिकम्प गिरयो महि आस्यभरा ॥ सखिसके नहिं धीरधरा;

घर राजन मानस मान जरा । राखिलियो भगवन्तनृपै प्रणलोक तिहूं यशराम भरा ॥




कवित्त ॥ कुलिशकठोर दंड वीरबरिबंड भूरि हारिगे उठायरंच काहु तौन मोराहै । बाण दशकंधवीर वीरताको मान जिन्हैं देखत लगाय बांबगौने भवन ओराहै ॥ प्रबल प्रचंड तेजवन्त भूपमंडली क नाश्यो प्रताप ज्यों मलीन चंद्रभोरा है । भाग्यवन्त कौशलकुमार ता समाजमध्य सेमि बीच सारिखे पिनाकशंभु तोराहै ॥ ब्योम देव दुन्दुभी बजाय भाषि जैति जैति वर्षहीं प्रसूनपुंज क्षोणि बांधि भोराहै । बंदीसूत मागध कलाप कीर्तिगानठान जैति जैति शब्द लोकतीन पूरि घोराहै ॥ भाग्यवन्त ता समय कि मोदना बखानि जात रामचन्द्र जा क्षणै पिनाक शंभु तोराहै । रंगऔनि नारि नर सानँदास्य रामचन्द्र देखैं एकटक्क ज्यों चकोर चन्द्रओराहै ॥ श्याम

कंद आभअंग अम्बर सुरंगपीत कुंडल अनूप दिव्यभूलें गोलगाल पै। चन्द्रमास्य चारुनव्य पंकजाक्ष बंक भौंह सूखमा निधानहै ति-लक उच्चभालपै॥ श्यामकेश वेशबाम बाम सोहशीश श्रोण चौ-तनी सुवोघ एतवार शोभजालपै। भाग्यवन्त रूप सूपमान आन काम कोटि वारडार अंगनांग कौशलेश लालपै॥ छप्पै॥ नवलक मलदल नयन अमलकल जनन दरदहर। सजलजलद तनलसत बसनभल चमक पटलहर॥ वदन अधरवर दशन हसन मद मदन हतन कर। अनद सदनतन सकल लखतमन परमहरषभर॥ जय सकल हरनभव भय दलन धनष जनक कर पनपलन। यश भनत अमरनर शमन अघ चरण शरण दशरथललन॥

दो० शतानंद आयसु तबहि राम हृदय जयमाल।
मेली सिय छबि देखिकै भै सबसभा निहाल॥
लखिलखि गलभल माल सुर हरवर जयजय गाय।
धनिधनिभनि कलफूलथलें भरिकरि हरिपरआय॥

कवित्त॥ कंचन सुथारथारि आरती सवांरि नारि दूब दधि रोचना सुरभि धारि फूलनै। बांधिकै भमेलजाल मंद मंद बाम वृन्द आ-वतीं करत गान देवदार भूलनै॥ बा-जत निशान व्योम दुन्दुभी बिमान साजि वर्षहीं प्रसूनमाल देव सानुकूल नै॥ भाग्यवन्त आरती उतारिवारवार देखिपावतीं अपार मोद हीय मोदमूल नै॥ दोहा॥ सियशोभा अद्भुत अ-मित देखि दुष्ट महिपाल। जहँ तहँ



आपुसमाहिं तौ लगे बजावनगाल ॥ सवैया ॥ साजि गयंद तुरंग रथै चढ़ि कूँड़िसनाह सुअस्त्रन धारो। धावहुवेगि गरेरिपुरै सिय छीनि लियोद्वउबांधि कुमारो ॥ जो बरजै मिथिलेश कछू रणसेनसमेत तिन्हैं पुनि मारो। काजसरै नहिं चापदले बिनुजीति लिये नृप वृन्द अपारो ॥ सोरठा ॥ सुनि दुष्टनके बैन साधुभूप बोले वचन। सूझततुम्हैं न नैन जक्तमातु पितु राम सिय ॥ बादिबजावत गाल नृपौ सब लाज अहै.क्यहुँ लेशनराई। तेजप्रताप गरूर गुरू बल नाक पिनाकहि संग सिधाई ॥ स्वैबलकी कछुसाधन कै सुरइष्ट प्रसाद अवै कहुँ पाई। है असिबुद्धि तुम्हैं ध्रुव तौ चतुरानन आनन कारिख लाई ॥ ज्यों खगनायकको बलिभाग चहै बलकै खल पावन कागा। ज्यों खरगोश नहोश चहै खुद मत्तगयंदनके रिपुभागा ॥ ज्यों हरिसों प्रतिकूल चहै गति पावन कैमतिमन्द अभागा। त्योंहिं वृथा सिय व्याहन को तुम सारिष दुष्टन लालच लागा ॥

दो० बरकेबर रघुनाथजी वरवर पौरुष शाल।
वरसम तुम वरवर करत व्यर्थ भूतपति जाल ॥

इतिश्रीमदयोध्यासिंहवर्मात्मजभगवन्तसिंहविरचितातेभक्तिशिरोमणिग्रंथेश्रीरामचंद्र धनुभंगकरणसीताजयमालमेलनवर्णनोनामनवमोऽध्यायः ९ ॥

कुंडलिया ॥ सीता राघव पद्मपद बंदौं सब सुखदानि। निरय निवारण भौशमन शरण सुखदकी बानि ॥ शरण सुखदकी बानि भजत हरि हर विधि चरना। नामलेत अनयास मुक्त जीवन भौ मरना ॥ नाकभूमि पाताल सुयश जा आख्य पुनीता। तांकि शरण भगवन्त पाहिनित राघव सीता ॥

यहिप्रकार जे कुटिल भुवाला। रहे बंजाइ व्यर्थ सब गाला ॥
तब सीतहि सब सखी सयानी। चलीं ल्यवाइ मातुपहँ आनी ॥

गुरु समीप गवने रघुवीरा। धनुषभंग सुनि शब्द गँभीरा॥
परशुराम त्यहि अवसर आये। देखत भूप सकल डरपाये॥

सवैया॥ गौर कलेवर भूतिलसै भलिभाल त्रिपुंड्र सजे छबि ऐना। शीशजटा मुखचन्द्र प्रकाशित बंक सु भ्रू रिसलोहित नैना॥ चारुजनेउ सुमाल गरे मृगछाल विशाल लिये सुखदैना। लंक वितून कसे धनुबान गहेकर कंध कुठार सुपैना॥ कवित्त॥ देखि कै कुठार पाणि वेषकी करालताति भूपवृन्द खौफखाय धाय माथ नाये हैं। बाप साप नाम भाखि राखि पांशुपाँव माथ भूरि मानि त्रास वेष बामको बनाये हैं॥ फेरिनैन हेरही सुभाय जासुओर तासु जान गै खुटाय आयु लेनप्राण आये हैं। आयतौ विदेहराज नायमाथ बोलिपुत्रि मेलिपाँव पायकै अशीष मोद छाये हैं॥ सवैया॥ कौशिक आयमिले पुनि सादर पंकजपाँय द्विबंधुनडारी। राम सुलच्मण नामइन्हैं अवधेश कुमार विमोहितकारी॥ रामस्वरूप प्रभाति विलोकि थके भृगुनन्द निमेषविसारी। दीन अशीष भली भगवन्त भयेसुनि सानुज रामसुखारी॥ फेरि विलोकि विदेहदिशै कहु उत्सव क्या तव मंदिरआजू। कारज कौनय भीरबड़ी इत आनिजुरे सब देशनराजू॥ मैंप्रण कीन य तोरहि जोधनु ब्याहहि सो सिय तौन्यहिकाजू। आवत भे भगवन्त इतै सब देशनके नृप साजिसमाजू॥

दो०॥ नृप विदेह के वचनसुनि परशुराम रिसठानि।
बोले रेजड़ जनक तैं डारे क़रि बड़िहानि॥

परशुराम वचन॥

कवित्त॥ दीनशम्भु पूजनार्थ चापतोहिं मंदबुद्धितासुतैं अनादरे न कीन नेकु काजहै। ठानतै पनै न हीय कीन शङ्क शङ्करो कि

त्रासहू न राखिमोरि रञ्चहीन लाजहै॥ तोरे चाप दुष्टकौन कैसीसो लुकान बैठ तिक्षण कुठार अग्निदाही तौन आजहै। वेगि दे बताय मोहिं मूढ़ सो विदेहनातु उलटौं धराहि सद्यजाहँलौ तु राजहै॥ बिम्बछन्द॥ सुनिपरशुरामबानी। रिस अधिक माहिंसानी॥ सब सभयरामजानी। भयकहत आपबानी॥ राघवबचन सवैया॥ नाथ अहौं तवदासमहीं यह शम्भुशरासनकेर दलैया। आयसुकाह कहौ किनमोहिं कृपाकरि सोइकरौं यहिठैंया॥ भाविहि काहकरौं प्रभुमैं यहतौपि रहै ममहाथ टुटैया। सोकर छूतहि टूटिपरयो मुनि नायक है ममदोष नरैया॥ परशुरामबचन दोहा॥ करणी करिकै शत्रुकी बनाचहौ अबदास। तजिसमाज कीजै समर त्यागिजीव की आस॥ लच्मण बचन सवैया॥ खेलत टूटिगईं धनुहीं बहुकीन कबौं रिसयों न गुसांई। याधनुपै ममता क्यहि कारण आजुयती भृगुनाथ बढ़ाई॥ साँचिकहौ मुनिजानत ना हम भीव रहै य तुम्हैं अधिकाई। टूटिगयो जनि व्यर्थकरौ रिस हैनकछू रघुबीर लगाई॥ परशुराम बचन कबित्त॥ एरेमन्द बालक सँभारि बैन बोलु क्योंन अज्ञके समान मोहिं ज्ञानतू सिखावई। घोर शम्भुचाप जो प्रसिद्ध तीनि लोकमाहिं ताहितू समान सर्बधानुहीं बतावई॥ जानकीस रामतोहिं खेदिकै सँहारि दुष्ट डारिहौं कलाम जो बदन फेरिलावई। भाग्यवन्त मानु सत्यशीघ्रही करौं न जोपि परशुराम नामतौ न आजुते कहावई॥ लच्मण बचन सवैया॥ हे भृगुनन्द सुनौ मम जान अहैं सगरे धनु एकहिनाईं। लाभकहा यहि तोरनमें करछूतहि टूटरह्यो घुन्खाई॥ मारतहौ मुनिगाल मृषा तजिईश बियोकरि काह सकाई। जोपिनहीं यह नामप्रिया द्विजबोलि लियो कछु और धराई॥ परशुराम बचन कबित्त॥ जानना प्रभाव मोर कानना सुनै

सुभाव मारहूँन तोहि मूढ़बालक बिचारिकै। देखु या कुठारधार जाहि सों यकीसबार क्षत्रिनै सँहारि भूमि क्षत्रहीन कारिकै॥ दीन सौंपि बिप्रन समाज मैं न जानतौन साहस भुजादि बीर संयुग पछारिकै। सोई है कुठार बालगर्बिनै बिनाशकार तातमात शोकदेन मंदमोहिं रारिकै॥ लक्ष्मण बचन सवैया॥ भृगुनन्द सुनो मैं सत्य कहौं यकमानि तुम्हैं द्विजनातडरौं। नतु छीनि कुठार तुम्हैं हतिकै कुल क्षत्रिन दाँवलह्यतूं सगरौं॥ पर धर्म तुम्हैं रखवार बड़ो बधकै शिरपातक भूरिपरौं। भगवन्त डरौं पुनिराघवको नतु कौतुकही तवगर्वहरौं॥ कबित्त॥ बारबार मोहिं क्या देखावतो कुठार तानि चाहतो उड़ाय देन फूकनै पहारहै। कूम्हडेकि बातियाहौं बिप्रदेव अत्रमैंन तर्जनी बिलोकि शीघ्रहोत जो सँहारहै॥ गायबिप्रदेव साधु मारिबे म शूर नाहिं मानि बिप्रनातबैन साहत तुम्हारहै। जानि बीरकौन बाद कीजिये क्षमा समान कोटिबज्र बैनधार ब्यर्थही कुठार है॥ परशुराम बचन कबित्त॥ कौशिक सुनीय मन्द बालक य टेढ़ खोट चाहतोहै जानबेगि यम के अगारहै। भानुवंश चन्द्रमैं कलङ्करूपहीन शङ्क अंकुश बिहीन योग्य झोकिदेन भारहै॥ लीजिये बरजि जोपि चाहहु उबार याहिरोष बलबीरता सुनायकै हमारहै। भाग्यवन्त टेरि मैं कहौं न खोरि मोरि फेरि डारिहौं सँहारि याहि काढ़िकै कुठारहै॥ सवैया॥ ज्वइधार कुठार कराल भयो बहुबीर महीपन के घर घालक। स्वइ आजहु हाथ बन्यो हमरे सुनुरे मतिमन्द महीपति बालक॥ कस बोलत बैन सँभारि नहीं जड़ जानत नाम न क्रोध कहालक। मुख लागहिगो खल जो हमरें तो देहहुँ सौंपि अबै त्वहिं कालक॥ लक्ष्मण बचन कवित्त॥ आपुही अछत कीर्त्ति आपुकी बखान कौन कह्योबार भूरिशांति जोन् फेरि गावहू।

रोंकि रिस सहौ न मुनीश दुःखहीय माँहि वीरव्रती गारीदेत शोभ को न पावहू॥ शूरता बखानकरें शूरता समर आपु कायरन कामहै प्रलाप सो न लावहू। भार्गवेश बार बार हांक यों लगाव आपुमोहिं लागि मानों बेगि कालको बुलावहू॥ परशुराम वचन सवैया॥ ठानत बाद कठोरअहै शठ बाल बिचारि बधौं नहिं तोहीं। जानत मोर सुभाव नहीं कुलक्षत्रिन शत्रु सुभायन कोही॥ आवत है त्वहिं त्रास नहीं यह तिक्षणधार कुठारहि जोही। चाहतहौं बध याहिकरे अब लोगदियै जनि दूषण मोही॥ विश्वामित्र वचन सवैया॥ भृगुनन्द क्षमा अपराधकरौ यह तौपि अबै अन जानतहै। वश बाल स्वभाव न त्रासधरै तुमसों प्रतिउत्तर ठानतहै॥ शुचि साधु सुजानअहैं जगजे शिशुके गुण दोष न मानतहैं। भगवन्त करौ असजानि कृपा मुनि साधु तुम्हें सब भानतहै॥ परशुराम वचन॥ कवित्त॥ बालक विचारि तोहिं मारौं न महीपपुत्र बार बार लाव ज्वाब देतहौं बरायमें। हाथहै कुठार घोर क्रोधित सुभाव मोर द्रोही गुरुठाढ़ अग्र रहौं रिस तायमें॥ भाग्यवन्त सो तौ सब कौशिक तिहारो शील नातरु कठोरबैन हालद्यौं बतायमें। काढ़िकै कुठारघोर धारही ते याहि आजु गुरुते उऋणहोत्यों थोरही उपायमें॥ लक्ष्मण वचन कवित्त॥ शीलमुनि रावरो जहान में न जान कौन भयो है उऋणं भांति आछे तात मायसो। रहिगो गुरुको ऋण बाढ़्यो अति शोच तौन काढ़्यो जनु मेरे शीश बैठ्यो आपु खायसो॥ बीतिगये बार भूरि बाढ़्यो है कलाप ब्याज लावो ईश ब्योहरे मुनीश ह्यां बोलायसो। भाग्यवन्त जोरिकै सकल ब्याज मूलयुक्त थैली खोलि शीघ्र आजु देउँ मैं गनाय सो॥ परशुराम वचन सवैया॥ मतिमंद अरेशठ बालकतैं कुलघालक क्यों कटु बैनकहै।

उपजावत क्रोधहिये हमरे ममहाथहिका खलु मृत्युचहै॥ भल आ-
पन चाहसि जो शिशुतैं लखि घोर कुठारहि मौनरहै। नतु सत्य
पुकारि कहौं सबते अब तोहिं पठावत कालपहै ॥ लक्ष्मण वचन
सवैया॥ महिदेव कुठार दिखावत का द्विज मानितुम्हैं मनमांहिडरैं।
इमि और प्रचारत जोपिहमैं लखतू पुनितागति जौनकरैं॥ द्विजदेव
गये बढ़िधामहिं में प्रतिवीर कबौं न मिल्यो समरैं। भगवन्त सुन्यो
रघुवंशप्रभाव न कालहु जेरण त्रासधरैं॥ राघव वचन कवित्त॥
मूधमुख दूधहै न कीजिये कृपालु कोह बालभाव मानि याहि विप्रजू
क्षमाकरौ। रावरो प्रभाव जोपि जानतो कछूकनाथ भूलिहून आपुसों
य लावतो बराबरौ॥ बालक अयोग्य कामकृत्य जोपि देखिताहितात
गुरु मात मोदपुञ्ज हीयमाभरौ। भाग्यवंत शील समधीर हौ मुनीश
ज्ञानि सेवक विचारि बैन बालहीय नाधरौ लक्ष्मणवचन॥ सवैया
द्विजह्वैकरि धारण अस्त्र किये पुनि क्षत्रिनके कुल घातकहै। बिनु
कारण कोहि सुभावसदा अरु मारतभे निज मातकहै॥ उरमाहिं
दयाकर लेश नहीं रत हिंसहि में दिन रातरहै। भगवन्त विचार करौ
मनमें सुकृपाकि इन्हैं कसिवात अहै॥ परशुराम वचन सवैया॥
रामतवानुज पापमयी विष आननहै यहतौ मुखपैना। गौरशरीर
अहै मन श्याम सुभाय सुटेढ़ तुम्हैं य छजैना॥ नीच कुबुद्धि महा
यह बालक मीचुसमान हमें सु लखैना। ढीठ अतीव दबै तनको नहिं
बोलत मोहिं बराबरि बैना॥ लक्ष्मण बचन कवित्त॥ पाप मूल
क्रोध बश्य जासु है अनीति लोग करत विचारि आपुलीजे देखि
मनमें। त्यागिकै सकल क्रोधकीजिये कृपाल छोह विप्रदेव स्वामि
आपु संततांग्रिजनमें॥ टूटो चाप जुरैन रिसानै मुनि बैठे आपुबाढ़ी
है है पीर भूमिठाढ़े सो पगनमें। भाग्यवन्त प्रीत चापहोय जो अ-

तीव आपदेउतौ जुरायकै गुणीय बोलिछनमें ॥ परशुराम वचन सवैया ॥ तनसुन्दर ज्योंघट हेमलसै मनमैलभरो विषको रसज्यों। निकसै जनुज्वाल कराल महा कटुबैन कहैज्वइ बालकयों ॥ लघु भ्रातय राम विचारि तुम्हार अबैलगि मैं नहिं याहि हत्यों। कुश लात चहौ यहि बालक जो कटु बैनकहै न मना करिल्यो ॥ राघव वचन कवित्त ॥ बालकारु बरै सुभाव तुल्य एक जानि संतना बिदूषैं नाथ आपुतौ सुजानहीं। सबसे न काज सो नशायो बालबिप्र देव टूटचाप हाथ मो पराधवानहौं महीं ॥ जानिदास अपनो कृपासु कोप बन्ध वध कीजिये कृपाल जौन शीशसो सबैसहीं। जायजा प्रकार क्रोधकीजिये प्रसिद्ध तौनकरौं सो उपावनाथ याहीं काल शीघ्रहीं ॥ परशुराम बचन सवैया ॥ रामकहौ क्यहि भांति मिटै रिस हेरत बन्धु अजौंतु अनैसो। जोयहि कण्ठकुठारन दीन तु कीन कहा पुनिमैं रिसकैसो ॥ नारि महीपन गर्भकहा जु कुठार कराल बन्यो कर है सो। देखत शत्रुमहीप किशोर अबैलगि जीवत अग्रखड़ैसो ॥ महिपालन जालन घालन जो य कुठार सुकुंठित धार भयो। नहिं हाथबहै ज्यहि घातकरौं वश क्रोधहियो ममजाततयो॥ प्रतिकूलभयो बिधिमोपरहै त्यहिते फिरि मोर सुभावगयो। कसि बात कृपाकि हृदै हमरे स्वइ आजुदया दुखभूरिदयो ॥ लक्ष्मण वचन कुण्डलिया ॥ जैसी मूरति आपुकी बिप्रताहि अनुकूल। कृपाबाउ चलभूंक त्यहि भरैं वचन जनुफूल ॥ भरैं बचन जनुफूल सुनी यह जातन बाता। जरै कृपामुनिगातभये रिसराखु बिधाता॥ ताप व्याधि उरहोयकरौ औषधि पुनि तैसी। जरतहोय जलह्वाव रुचै कीजे मनजैसी ॥ परशुराम बचन सवैया ॥ देखु विदेह अहै यह बालक खोट महाकटु बोलत बैना। देखन ब्याह उछाह चहै

नहिं जानचहै सुकृतांतहि ऐना ॥ आवत कालभयो चलियाकर दोषदियो परिणाम हमैंना। जोपि उबार चहो यहिको तौ ओटकरौ किन सद्यहि नैना॥ लक्ष्मण बचन नाराचछन्द॥ रुचै उछाह जोन आपु नैनमूँदि लीजिए। परैन देखिकै कतौं वृथान क्रोधकीजिए॥ कितौं मुनीश जाहुवेगि कानने सिधायजू।नभेजि दूत आपुको पठा वकैं बुलायजू॥ राघव प्रतिपरशुराम बचन कबित्त॥ तोरि शंभुचाप शठकैरे है प्रबोध मोर कहै कटुबन्धु ताहिदीनतू सिखाई है।आपु करै बिनैछल छाड़िदे कहाउबाजु तेनी रामनाम कैतौं तोपु अस्त्र आई है॥ त्यागि छलद्रोही शम्भुकरै किनयुद्ध आय भूपपुत्र मारौं तेहिं नातौं युक्तभाई है। कहौं सत्यबचौन सुभायन मृदुल आजु देखु या कुठार घोर क्षत्रवंशहाई है॥ राघव बचन सवैया॥ सूघ्यहु दोषपरै कतहूँ शशि वक्रहिं ज्योंनहिं घेरत राहू। लक्ष्मणकेर गुनाह अहै ममऊपर तौ मुनिव्यर्थ रिसाहू॥ हाथ कुठार अहैशिर अग्ररुचै मन जो तजि क्रोध कराहू। जानि हमैं भगवन्त स्वदास करो रिसजाय यथा मुनिनाहू॥ कसियुद्ध अहै प्रभुसेवककी तजि क्रोधमुनीश कृपाहिधरौ। धनुबाण कुठारधरे लखि बालक बीर बिचारि सुक्रोध भरौ॥ नहिं चीन्हत जानत नामअहै निजबंश प्रभाव सुज्वाब करौ। मुनिवेष जुहोत्यहुतौ धरतै शिशुपङ्कज पायँन धूरि शिरौ॥ कबित्त॥ क्षमौचूक बालक अजानकी द्विजन हीय चाहिये अपार कृपा क्रोध ना हृदैधरौ। रावरो न मोहिं है बराबरी सुबिप्रदेव पादकहां माथहै बिचारंहीय मैं करौ॥ रामनाम छोट मोर रावरो बड़ो है नाम एकै गुण मेरे चाप आप माहिंनौभरौ। दातां दयावन्त दत्त तापसेंद्रिजीत ऋजु क्षमा तृष्णातोष आपु सबै भांति होवरौ॥ परशुराम वचन छप्पै॥ त्वहूं बन्धु समबाम निपट जानै द्विजमोही। सुनु जैसो मैं

विप्रतथा वरणौं अबतोहीं॥ चापश्रुवाहुति बाण क्रोध ममघोर कृशानू। समिधसेन चतुरङ्ग भूपगण बलिपशुजानू॥ यहि परशु काटि बलिदीनमैं युद्ध यज्ञ बहुकीनभव। भ्रम द्विजन निदरि बोलत तुकस मोरप्रभाव न विदिततव॥

दो० एकचाप दलिदाप बड़ गयो हृदै तवबाढ़ि।
तातेअति अहमिति मनहुँ भयो जीतिजगठाढ़ि॥

राघव वचन कवित्त॥ विप्रदेव बात आपु कहियो विचारिहीय चूकहै हमारि थोरि क्रोधतो अपारहै। कौनहेत करौं मानछूतही सुदृढ़चाप जानै कौन कबको पुरान सो सरारहै॥ भाग्यवन्त कहौं सत्यसुनिये सुभार्गवेश करौं वदिविप्र जोनिरादर तुम्हारहै। तौंतो असवीर कौन दूसरो जहानबीच नावैं हमशीश जाको मानि त्रास भारहै॥ सवैया॥ देवअदेव महीप जितेभटभूरि बलीसमवाधिक होई। जो रणमाहिं प्रचार हमैं सुखमानि लरैलहु जै चह जोई॥ क्षत्रिनको तनुधारि शकै रणनीच स्ववंशकलंकित सोई। वंश प्रशंसन रीतिकहौं रघुवंश डरैंनहिं कालहुकोई॥

दो० विप्रदेव तव वंशकी यह प्रभुता बड़िआहि।
होय अभै भगवंत सो जो जन तुमहिं डराहि॥
परशुराम सुनि रामके वचनगूढ़ मृदुचारु।
भयो प्रकाशित ज्ञानउर मिट्यो मोहमदमारु॥
राम रमापति को धनुष लेहु हाथ निजएहु।
खैंचि चढ़ावहु जाहिते मिटै मोर सन्देहु॥
देतचाप आपै गयो चढ़ि विलोकि भृगुनन्द।
भइ विस्मय मन इनहिं में कहे कटुक वचवृन्द॥
प्रभु प्रभाव तब जानिकै पुलकगात सानन्द।

लागे पुनि अस्तुति करन जोरि पाणि भृगुनन्द ॥

कवित्त ॥ जैति रघुवंश कंज कानन दिनेश वेश दाहन कृशानु घोर दैत्यकुल काननै । जैति सुर धेनु साधु विप्रहितकार जैति काम क्रोध लोभश्वान मोह भ्रम भाननै ॥ शीलगुण सागर उदार चित्त कारुणीक जैति हंसमानसरहीय पञ्चआननै । जैति जैति भाग्यवन्त दास हितकार नित्य धार अवतार हेतहार भूमि भारनै ॥ जैति जै दयाल दीन संतत स्वछन्द चारु गावत पुराण वेद कीरति उदारहै । रूपता अपार वार मार कोटिरूप भद्रनीति धर्मपाल नाम संसृति उधारहै ॥ बानी रचनामैं पटुदानी वीर तेजवन्त भानुवंश भूषणायु पूरणावतार है। भाग्यवन्त शंकर विरञ्चि विष्णु शेष ध्याव लोकन प्रकाश यश रावरो अपारहै॥ शुद्धशांति शक्ति बल वैभव प्रतापवन्त शील तोष सत्यसन्ध नीति के अगरा हौ। धर्मसेतु प्रीतिपाल सज्जन सुखदजाल योगिन अगम्य ध्यान उत्तम उदारहौ ॥ भाग्यवन्त गावत पुराण वेद शास्त्रकीर्त्ति पावत न पार नाथ अद्भुत अपारहौ। कहौं काह एक मुख रावरो पुनीत यश जैति जैति जैतिजै हरण भूमिभारहौ॥जैति जैति रामचन्द दीन बन्धु मोदकंद भंजनाभिमान तूल पापनै कृशानुहौ । शोभधाम सौख्यसिंधु कामधेनु दासनार्थ लोकसिंधु पोत मोहकंदपवमानुहौ॥ भाग्यवन्त व्यापक सकल विश्व नीतिपाल चातुर सुबुद्धिमान ज्ञान के निधानुहौ। हंसवंश सागरायु पूरण सुचंद दानि आनदाब्ज साधु नै प्रकाशकार भानुहौ ॥ सवैया ॥ जैगुण सिंधुकृपा सुख मंदिर सुंदर श्री दशस्यन्दनजाये । मैं अनजान अयोग्य कहे बहुनाथ प्रभाव सुजानिनपाये ॥ बन्धु द्वि धामक्षमा छमिये अपराध कृपाकर वेदन गाये । योंकहि शीशनवाय वनै तपहेतु तुरन्त मुनीश सिधाये ॥

दो० ॥ बरषि सुमन कहि जैतिजै ब्योम मुदित सुरवृन्द ।
पुरनर नारि प्रसन्नअति निरखि राम सुखकन्द ॥
असुर दलन पातक दलन दलन चाप नृपमान ।
दलनगर्व भृगुनन्द बल जयजय जै भगवान ॥
जै शोभा सुखधाम प्रभु जै करुणा गुणऐन ।
जै सुररञ्जन भक्तहित जैति विश्व सुखदैन ॥

इतिश्रीमदयोध्यासिंहवर्मात्मजभगवन्तसिंहविरचितेभक्तिशिरोमणिग्रंथेश्रीरामचंद्र परशुरामसंवादेविविधवाग्विलास वर्णनोनामदशमोऽध्यायः १० ॥

दो० ॥ वन्दौं राम कृपालुपद भवसागर दृढ़पोत ।
सुमिरत सब संकट शमन सिद्धि मनोरथ होत ॥
मिथिलापुर आनँदमहा बाजहिं विविधनिशान ।
वृन्द वृन्दमिलि भामिनी करहिं मनोहरगान ॥

तब विदेह मुनिपद शिरनावा । जोरिपाणि मृदुवचन सुनावा ॥
नाथशम्भु धनु भंजेउ रामा । आयसुहोइ करौं स्वइकामा ॥
बोलेमुनि सुनु भूप सुजाना । धनुकर रह्यो ब्याहु जगजाना ॥
गयो सुधनु टूटत है ब्याहू । तदपि मानि ममवच नरनाहू ॥
निजकुल रीति होइ जसिकीजै । पठैदूत कोशलपुर दीजै ॥
सहित बरात भूप दशथानै । सानँद बोलि शीघ्र इतआनै ॥
भलेहिनाथ कहि जनक सचावा । तुरतहि शतानन्द बुलवावा ॥
पत्री दीन्ह मुदित नरनाहू । कह्यो वेगि कोशलपुर जाहू ॥

दो० श्रीदशरथ महराज कर दीन्ह्यौं पत्रीजाय ।
सुनि धावन धाये तुरत हरष न हृदय समाय ॥
बहुरि महाजन बोलिकै दीन्हेउ शासन भूप ।
हाट बाट सुर संदन पुर रचहु वितान अनूप ॥

मुनि निदेश मिथिलेशको बोलि गुनीन उताल ।
दिय नियोग लागेरचन नाय सुविधिपद भाल ।।

रोलाछन्द ।। कञ्चनमै कलरम्भ खम्भ अति सुदर बनाये । हरित मणिनफल पत्र श्रोण मणि फूल सुहाये ।। वेणु हेर मणि हरित सरल सपरण रचि दीन्हे । शोभा अमित अनूप भ्रमत मन परत न चीन्हे ।। सर पितु सदल सँवारि रजत घनतर कल छाये । नागबेलि अलबेलि कनकमय रुचिर बनाये ।। बन्धन तासु बनाय कोरि बांसन पचिलाये । मोतिमाल बहु गुच्छ बीच बीचन लटकाये ।। माणिक मरकत हीर रङ्ग जङ्गाली मनिसो । रचे रङ्ग बहुपद्म शोभ सक कविको भनिसो ।। तिन कमलनपै रचे बिहँग बहु भृंग अमोलैं । पाय समीर प्रसङ्ग भ्रमर गुंजहिं खग बोलैं ।। खम्भन चित्र बिचित्र बिविध देवन गढ़ि काढ़े । मंगल बस्तु अपार सकल लीन्हें कर ठाढ़े ।। सिन्धुर मणिमय चारु बिबिध चौके पुरवाई । कोरि नीलमणि रचे आम्र पल्लव सुखदाई ।। कलित कनकमय बौर श्याम मणि घौरि बनाये । बन्दनवार सु तासु डोरि रेशम गुहिलाये ।। हेम कलश बहु साजि जहां तहँ सुभग पधारे । दीप जाल मणि लाल ठौर ठौरन कलधारे ।।

दो० ।। ध्वज पताक पट चमर कल सोहत जहँ तहँ भूरि ।
जनक सदन शोभा परम रहेउ मोद भरि पूरि ।।
ज्यों शोभा भूपति भवन त्यों पुर घरघर माहि ।
कहि न सकैं श्रुति शेप मैं कहौं कौनविधि ताहि ।।

सवैया ।। दुलही सिय राम जहाँ दुलहा दिउ आनँद कंद बिराज अहै । सुमिरे ज्यहि नाम मिलै अभिराम विना श्रमही फल चारि लहै ।। स्वइ पूरण ब्रह्म सुपूरण शक्ति सुव्यापक विश्व निहार उँहै ।